# पुलिसकर्मियों को दी गई सीपीआर प्रशिक्षण-डॉक्टरों ने हार्ट अटैक की स्थिति में जान बचाने की दी ट्रैनिंग

## बड़वाह अनुभाग के अधिकारी व कर्मचारी रहे मौजूद





बड़वाह -भागदौड़ भरी जीवनशैली व खाने पीने में होने वाली लापरवाही के चलते इन दिनों कार्डियक अरेस्ट की घटनाएं बढने लगी है। इसी को देखते हुए पुलिस विभाग की ओर से बड़वाह अनुभाग के लिए सीपीआर ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीओपी विनोद कुमार दीक्षित समेत ब?वाह, सनावद करही, बलवाडा, बागोद, काटकूट क्षेत्र के पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

बडवाह सिविल अस्पताल के इंचार्ज डॉ. यशवंत इंगला ने बताया की जब किसी व्यक्ति का दिल धड़कना बंद कर देता है, तो उसे कार्डियक अरेस्ट कहते है। कार्डिएक अरेस्ट के दौरान, हृदय मस्तिष्क और फेफड़ों सहित शरीर के बाकी हिस्सों में रक्त पंप नहीं कर सकता है। इस दौरान बिना इलाज के मिनटों में ही किसी व्यक्ति की मौत हो सकती है।

यदि कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) को कार्डियक अरेस्ट के कुछ मिनटों में दिया जाता है, तो यह किसी व्यक्ति के बचने की संभावना को दोगुना या तिगुना कर सकता है। इस दौरान चिकित्सक इंगला के साथ अस्पताल कर्मी राजा शर्मा व स्टाफ ने सीपीआर का प्रशिक्षण उपस्थित पुलिसकर्मियों को दिया।

इस दौरान थाना प्रभारी बड़वाह जगदीश गोयल, थाना प्रभारी सनावद मंशाराम रोमडे, थाना प्रभारी करही उप निरीक्षक दीपक यादव, प्रभारी थाना बलवाडा शंकर मुजाल्दा, चौकी प्रभारी बागोद महेश यादव, चौकी प्रभारी काटकूट नीरज लोधी व अनुभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आसान नहीं पुलिसकर्मी की लाईफ

एसडीओपी विनोद दीक्षित ने कहा की पुलिसकर्मी की लाइफ आसान नही होती है। धुप, गर्मी, बरसात में रहकर भी ड्यूटी करना, कई-कई घंटे बिना खाए पिए, बिना आराम करे, तैनात रहना पडता है। लेकिन हमें अपना ध्यान भी रखना है, क्या खाना है, कितना खाना है, इस बारे में सावधानी रखे।

मैं जब बाहर जाता हूं, तो अपने साथ गुड चना लेकर जाता हूं, वहीं खाता हूं। बाहर खाना खाने स बचता हूं, इसी तरह आप भी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखे। क्योंकि देश के साथ अपने परिवार की जिम्मेदारी भी हमारे कन्धों पर है।

### जीवन शैली सुधारें पुलिसकर्मी

डॉ. इंगला ने सीपीआर के प्रशिक्षण के साथ ही पुलिसकर्मियों को अपनी जीवन शैली में सुधार लाना चाहिए, के बारे में बताया। उन्होंने कहा की पुलिस जवान अच्छी नींद ले, तनाव रहित जीवन जीने का प्रयास करे, भोजन में पोषण युक्त भोजन ले, बाहर का तला-गला व गरिष्ठ भोजन खाने से बचे। कम से कम आधा घंटा योग, व्यायाम, दौड अवश्य करें। इसके साथ ही किसी भी तरह के नशा शराब, सिगरेट, तम्बाकू या फिर पाउच का सेवन न करे

**कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) एक आपातकालीन प्रक्रिया है जो किसी व्यक्ति की सांस या दिल के रुकने पर उसकी जान बचाने में मदद कर सकती है.**

-सबसे पहले आप अपने दोनों हाथों को एक दूसरे के ऊपर रखते हुए उंगलियों को आपस में फंसा लें। आपको अपने हाथों को अच्छी तरह से लॉक कर लेना है।

-अब पीडित व्यक्ति के सीने के बीच में यानि सेंट्रल बोन में निचले तिहाई पार्ट में आपको कंप्रेशन शुरू करना है।

-आपको हार्ड और फास्ट कंप्रेशन करना है। आपको ये 30 बार करना है और उसके बाद माउथ टू माउथ ऑक्सिजन सप्लाई देनी हैं, यानि मरीज के मुंह में अपने मुंह से सांस भरनी है।

-माउथ टू माउथ ऑक्सिजन सप्लाई देने का तरीका है कि आप मरीज की नाक को पकड़कर सिर को थोड़ा पीछे की ओर करेंगे, जिससे सांस की नली खुल जाए और जबड़े को नीचे की ओर खींचेंगे। अब 2 ब्रेथ देंगे और फिर से चेस्ट कंप्रेशन पर आएंगे। -आपको 1 मिनट में करीब 100 से 120 बार हार्ड और फास्ट तरीके से सीने को दबाना है। ध्यान दें कि मरीज का एक तिहाई चेस्ट अंदर की ओर दबना चाहिए जब आप उसे दबाएं।

-जब तक मरीज में सांस न आ जाए आपको ये 30 कंप्रेशन और माउथ टू माउथ ऑक्सिजन सप्लाई को जारी रखना है। इसे आप एंबुलेंस आने या हॉस्पिटल पहुंचने तक मरीज को करते रहें।

# बड़वाह के आरोपी को खोजने आई उत्तर प्रदेश पुलिस

**म.प्र. से बिहार जा रहा 7.5 क्विंटल गांजा जप्त**

बड़वाह -7.5 ि्ंटल गांजे की तस्करी में लिप्त बड़वाह के युवक को उप्र पुलिस खोज रही है। उसके गिरोह के दो आरोपियों को तो यूपी पुलिस ने दबोच लिया है। मुख्य आरोपी बड़वाह के केशर विहार कालोनी निवासी कादिर पिता कासिम खान फरार हो गया।

रविवार को उप्र पुलिस के अधिकारी बड़वाह आए। यहां वह आरोपी की तलाश के लिए उसके घर भी गए थे। घर के मुख्य द्वार पर ताला लगा हुआ था। जिसके बाद पुलिस जवानों ने आरोपी के घर पर कोर्ट नोटिस चस्पा कर दिया है। लोगों से कहा है कि वह आरोपी युवक के बारे में जो भी जानकारी हो पुलिस तक पहुंचाएं। एक माह के भीतर कादिर कोर्ट में प्रस्तुत नहीं हुआ तो उसके घर की कुर्की की जाएगी।

उप्र के मिर्जापुर क्षेत्र के पड़री थाने में पदस्थ एसआई त्रिवेणी राम ने बताया कि कादिर 7 जून 2022 को एक वाहन से गांजा उप्र से बिहार ले जा रहा था।

इस दौरान यूपी में इसे जब्त कर उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया था। बोरियों में करीब साढ़े 7 क्विंटल गांजा जब्त किया गया।

तीन में दो आरोपी तो पकड़ लिए गए। एक मुख्य आरोपी कादिर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस 8 माह से आरोपी कादिर को ढूंढने का प्रयास कर रही है। बड़वाह पुलिस भी उसका अपराधिक रिकार्ड खंगाल रही है।

# अनियंत्रित होकर 20 फीट गहरे नाले में गिरा टैंकर, 1 की मौत

खरगोन के कसरावद थाना क्षेत्र के सैलानी के पास रविवार रात को सलफ्यूरिक एसिड से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलटकर सड़क किनारे करीब 20 फीट नीचे गिर गया। हादसे में मौके पर ही टैंकर में सवार एक की मौत हो गई और ड्राइवर गंभीर घायल हो गया। टैंकर पलटने का कारण टायर फटना बताया जा रहा है। हादसा इतना दर्दनाक था की अनियंत्रित होकर टैंकर सडक किनारे 20 फीट नीचे नाले में जा गिरा। बताया जा रहा है की जिले के निमरानी औद्योगिक क्षेत्र स्थित खेतान फैक्ट्री से टैंकर खरगोन होते हुए महाराष्ट्र की ओर जा रहा था।

मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से घायल 25 वर्षीय ड्रायवर को खरगोन जिला अस्पताल पहुचाया। घटना की सूचना मिलते कसरावद एसडीएम अग्रिम कुमार, मंडलेश्वर एसडीओपी मनोहर गवली सहित अन्य पुलिस बल सहित प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया था। टैकर पलटने से सलफ्यूरिक एसिड के हो रहे रिसाव को रोकने के लिये प्रशासन ने खैतान फैक्ट्री के कर्मचारियों को बुलाया। हादसे में मृतक राजस्थान के चित्तौडगढ का बताया जा रहा। पुलिस शव को जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिये लेकर आ गई है। ड्रायवर 25 वर्षीय गोवर्धन घायल है। कसरावद पुलिस विवेचना कर रही है।


# नगर पालिका परिषद बड़वाह जिला खरगोन

दुरभाष-07280-222979 Email.cmobadwah@mpurban.gov.in

क्रमांक / 2023/1096 दिनांक -28/02/2023

## ऑनलाईन ठेका नीलामी प्रथम आमंत्रण सूचना

नगर पालिका द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 (01/Apr/23-31Mar/24) के लिए प्रचलित ठेकों हेतु निम्नांकित निविदा वेबसाईड https:/www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 15/03/2023 व निविदा खोले जाने की तिथि 16/03/2023 है।

| TANDER NO | अनुमानित आय | अमानत राशी | फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|
| 2023_UAD_245395 | 7,00,000 | 14000 | 2000 |

कार्य का नाम - बाजार बेठक फीस वसूली

राकेश गुप्ता
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद, बड़वाह

कुशल सिंह डुडवे
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका - बड़वाह